मध्य प्रदेश में नई योजनाएँ शुरू

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने राज्य में '**[जन कल्याण पर्व](#)**'** और **'मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान'** की शुरुआत की। इन दोनों कार्यक्रमों का उद्देश्य उनके कार्यकाल के दौरान किये गए कार्यों को उजागर करना और अधिक से अधिक लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।

मुख्य बिंदु

- **जन कल्याण पहल:**
  - **जन कल्याण पर्व 11 से 26 दिसंबर 2024 तक** मनाया जाएगा, जिसमें **विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा।**
  - **मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान 11 दिसंबर 2024** से 26 जनवरी, 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य घर-घर जाकर सर्वेक्षण के माध्यम से **पात्र लाभार्थियों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।**
  - ये **पहल गीता जयंती के अवसर पर की गई है, जो भगवान कृष्ण द्वारा श्रीमद्भागवत गीता के वाचन की** याद में मनाई जाती है।
- **अभियान का फोकस:**
  - ये **अभियान गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को लक्ष्य बनाकर** उन्हें निम्नलिखित से जोड़ते हैं:
    - 34 लाभार्थी-उन्मुखी योजनाएँ
    - 11 लक्ष्य-आधारित योजनाएँ
    - 63 सेवाएँ
  - इसका उद्देश्य **नये अवसर प्रदान करना तथा कल्याणकारी योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करना है।**
- **सांस्कृतिक मान्यता और उपलब्धियां:**
  - गीता महोत्सव में 3,721 आचार्यों और बटुकों सहित 7,000 से अधिक लोगों ने **गीता श्लोकों के सामूहिक पाठ में भाग लिया।**
  - **इस उपलब्धि को गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स** में मान्यता मिली और मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को बधाई दी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-schemes-launched-in-mp